तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि-

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025



14 आकांक्षी जिला व आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रमों ...





14 विद्यार्थी प्रदेश में ही नहीं, देश-विदेशों अपनी ...






## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा दी, पकड़ाया कोचिया

कांकेर। थाना भानुप्रातपपुर ने छापामार कार्यवाही करते हुए 8 अक्टूबअर को शाम 6 बजें आरोपी आमाकड़ा निवासी 50 वर्षीय नारायण दर्रो को अवैध ढंग से लोगो को शराब पीने की सुविधा देते हुए पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अन्य लोगो को शराब पिलाने व संसाधन उपलबध करा रहा था। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### राजनीतिक दलों की द्वितीय बैठक हुई

कांकेर। आयोग के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुर्रे की अध्यक्षता में बुधवार को मतदाता सूचियों के आगामी गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदान केन्द्रवार बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने के संबंध में जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्ति से संबंधित निर्धारित प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए आयोग के निर्देशों का पालन करने बताया। समय-सीमा में बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर सूची उपलब्ध कराने के लिए राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया।

### राशन दुकान लेने 15 अक्टूबर तक मौका

कांकेर। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायत तुमसनार में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन किया जाना है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंतागढ़ ने बताया कि आवेदन वृहत्ताकार आदिम जाति बहुद्धेशीय सहकारी समिति (लेम्पस), महिला स्व सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति, अन्य सहकारी समितियां तथा राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम 15 अक्टूबर तक कर सकते है।

दिवस : संघ शाखा तक सीमित नहीं, देवकार्य के लिए है समर्पित : पवन साय

# आरएसएस की शाखा अनुशासन व सेवा की पाठशाला और संघ का कार्य है राष्ट्र निर्माण

**खास बातें**

- पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवक ने ध्वज पूजा एवं भारत माता की प्रार्थनाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया
- सरोना में स्थापना शताब्दी पर किया पथ संचलन, राष्ट्रभक्ति में रंगा सरोना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/सरोना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना शताब्दी वर्ष को लेकर चल रहे उत्सवों के मध्य सरोना में आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम में उत्साह और देशभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। बौद्धिक कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय ने कहा कि संघ कार्य देव कार्य है और राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक स्वंय सेवक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संघ की शाखा इस दिशा में अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति की सबसे सशक्त पाठशाला है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सरोना में इस वर्ष विजयदशमी उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और अनुशासित माहौल में किया गया। 9 अक्टूबर की सुबह से ही गांव में उत्साह का वातावरण बना हुआ था। मंडी परिसर में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में एकत्र हुए और ध्वज पूजन एवं भारत माता की प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ध्वज वंदन के बाद सैकड़ों स्वयं सेवक पंक्तिबद्ध होकर पथ संचलन के लिए निकले। बस स्टैंड से प्रारंभ हुआ यह संचलन अटल चौक होते हुए मुख्य मार्गों से गुजरा। ढोल, नगाड़ों और बैंड की ताल पर जब स्वयंसेवकों की टुकड़ियाँ सुसज्जित कतार में निकलीं, तो मार्ग किनारे खड़े नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। भारत माता की जय, वंदे मातरम् और राष्ट्रगीत की धुनों पर स्वयंसेवकों की कदमताल से पूरा सरोना देशभक्ति के रंग में रंग गया। जगह-जगह ग्रामीणों और बच्चों ने हाथ जोड़कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। पथ संचलन के उपरांत बौद्धिक कार्यक्रम हुआ। बौद्धिक कार्यक्रम मंडी परिसर में आयोजित किया गया, जहां दीप प्रज्वलन और शस्त्र पूजन के साथ मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा संगठन मंत्री एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक पवन साय ने प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि विजयदशमी असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। उन्होने कहा कि संघ कार्य वास्तव में देव कार्य है, संघ का कार्य केवल शाखा तक सीमित नहीं है। यह एक विचारधारा है, जो भारत के प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीय चेतना जगाने का कार्य करती है। संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक समाज की एकता, सद्भाव और सेवा के माध्यम से भारत को आत्मनिर्भर और आत्मबलवान बनाने का संकल्प लिए हुए है। उन्होंने संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन और उनके राष्ट्रनिष्ठ विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि आज संघ के माध्यम से देशभर में लाखों स्वयंसेवक समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य कर रहे हैं। आज के युवा ही कल के भारत के निर्माता हैं। यदि युवा आत्मविश्वासी, अनुशासित और संस्कारवान बनेंगे, तो देश को विश्व गुरू बनने से कोई रोक नहीं सकता। संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक इसी दिशा में देश का भविष्य गढ़ रहा है।

### सरोना में दिखी राष्ट्रभक्ति व अनुशासन

विजयदशमी के इस अवसर ने सरोना गांव को एकता, संस्कार और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत कर दिया। सरोना में हुआ यह आयोजन न केवल एक अनुशासन का उदाहरण बना, बल्कि स्थानीय नागरिकों के बीच देशप्रेम की भावना को भी और अधिक प्रखर कर गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम ने सरोना ग्राम को राष्ट्रभक्ति और अनुशासन के रंगों से सराबोर कर दिया।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, भाजपा जिला मंत्री हीरा मरकाम, सरोना मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, किशोर भास्कर, संजय गोलछा, यशवंत सिन्हा, अशोक निषाद, जीवन नेताम, सूरज कोराम, दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

### हिना की जगह मनोज की मिली जिम्मेदारी



- कल आएंगे कांकेर

कांकेर। बालाघाट की पूर्व विधायक हिना कांवरे जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर 11 अक्टूबर को कांकेर आना था, परंतु उनकी ड्यूटी बिहार चुनाव में लग जाने के कारण यह जिम्मेदारी एआईसीसी ने अब एआईसीसी सचिव व जम्मू व लद्दाख प्रभारी मनोज यादव को दी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने बताया कि 11 अक्टूबर को राष्ट्रीय सचिव मनोज यादव कांकेर आएंगे और निर्धारित सभी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## सत्रहवीं पुण्यतिथि



**स्व. ईश्वर यादव (ईशु)**

10.10.2008

जिनका कर्म हमारी प्रेरणा है, जिनके विचार हमारे मार्गदर्शक
जिनका स्मृति हमारा सम्बल...
आपके आदर्शो को मूर्तरूप देने का हम सकल्प करते हुए
सोलहवीं पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

शोकाकुल

धनश्याम यादव, राजेश यादव (बड़े भाई)
खगेश्वर यादव, महेश यादव, अविनव, विहान (भतीजा)
अंतागढ़, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)




**खबर संक्षेप**

## कुम्हारपारा आंबा केंद्र का निरीक्षण, नए भवन के लिए भेजा गया प्रस्ताव



**कोण्डागांव।** ग्राम पंचायत गारावंडी के कुम्हारपारा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण एसडीएम केशकाल सुश्री आकांक्षा नायक द्वारा किया गया। यह कार्रवाई तब की गई जब आंगनबाड़ी के एक बच्चे का खेल–खेल में सीखते हुए वीडियो और केंद्र के जर्जर भवन की जानकारी कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना को प्राप्त हुई थी। निरीक्षण के दौरान भवन की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई, जिसके बाद एसडीएम सुश्री नायक ने नए भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव को निर्माण शाखा जिला कार्यालय भेजा है। साथ ही पुराने भवन के डिस्मेंटल के लिए आरईएस विभाग से त्वरित प्रतिवेदन मंगाया गया है। निरीक्षण के दौरान केंद्र में 3 कुपोषित बच्चे पाए गए। एसडीएम ने पालकों को बच्चों को एनआरसी भेजने के लिए समझाइश दी और स्वास्थ्य विभाग को इस दिशा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने केंद्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बच्चों को खेल–खेल में शिक्षा देने की पद्धति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए इस प्रकार की नवाचारपूर्ण और समर्पित कार्यशैली अन्य केंद्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। यह पहल न केवल बाल शिक्षा और पोषण सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और गुणवत्ता को सुनिश्चित करने का भी प्रतीक है।

# जगमगा उठीं एनएच- 30 की स्ट्रीट लाइटें, आवागमन में लोगों को होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

**खबर का असर**

### कई माह से बंद थी लाइट, राहगीर हो रहे थे परेशान



आम जनता की समस्याओं को लगातार प्रमुखता से प्रकाशित कर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करवाने की हरिभूमि की मुहिम एक बार फिर सफल साबित हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 फरसगांव नगर में लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी थी। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी ल चलते लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस खबर को 8 अक्टूबर को हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित करने के परिणामस्वरूप 24 घंटे के भीतर ही सम्बंधित विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करवा दी गई है। इसके बाद से फरसगांव नगर पहले की तरह स्ट्रीट लाइट की रोशनी से जगमगा उठा है।

**कलेक्टर ने लिया संज्ञान**

खबर प्रकाशित होने के बाद कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने संज्ञान के लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को जल्द से जल्द बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। परिणामस्वरूप बुधवार सुबह से ही बन्द लड़े स्ट्रीट लाइट का सुधार कार्य शुरू कर दिया गया। गुरुवार की शाम से एक बार फिर पहले नगर की सड़के जगमगा उठी है। इस समस्या का जल्द से जल्द निदान होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

***क्या था मामला***

*नगर में एनएच-30 पर लगी स्ट्रीट लाइट जो कि पिछले कई महीनों से बंद पड़ी थी। ऐसे में शाम ढलते ही नगर में चारों ओर अंधेरा छा जाता था। जिससे राहगीरों व नगरवासियों को आवागमन में काफी परेशानियां होती थी। वहीं सड़क दुर्घटना होने की संभावनाए बनी रहती थी। हरिभूमि ने इस जनसमस्या को लेकर 8 अक्टूबर को प्रमुखता से समाचार प्रकाशित कर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करवाया था।*

### योजना: ग्रामसभा में हुआ विजन प्लान 2030 का प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन

# आदिकर्मयोगी अभियान के तहत 352 जनजातीय गांवों का विजन प्लान तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रें के समग्र और सतत विकास के उद्देश्य से केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदिकर्मयोगी अभियान के अंतर्गत कोंडागांव जिले के 352 जनजातीय गांवों का ग्राम विजन प्लान 2030 तैयार किया गया है। यह योजना जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर सुधार, आत्मनिर्भरता बढ़ाने और ग्राम्य अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

अभियान के तहत चयनित ग्राम पंचायतों में आयोजित आदि सेवा पर्व शिविरों के माध्यम से इन विजन योजनाओं का प्रस्तुतिकरण और अनुमोदन 2 अक्टूबर को हुई ग्राम सभाओं में किया गया। इन ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही, जहां उन्होंने अपने गाँव के विकास की प्राथमिकताएं, आवश्यकताएं और सुझाव साझा किए। आदि सेवा केंद्रों के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों से शासन की विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, आवास, आधारभूत ढांचा, वनाधिकार, उद्यमिता और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं शामिल रहीं। पात्रता के अनुसार कई आवेदनों का स्थल पर ही निराकरण किया गया, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं का तत्काल लाभ मिला।

**ग्रामीण संसाधनों का किया गया आंकलन** – अभियान के दौरान अधिकारियों ने ट्रांजेक्ट वॉक के माध्यम से गांवों की अधोसंरचना और संसाधनों की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्रों और आजीविका साधनों की स्थिति का जायजा लिया गया। ग्रामीणों ने भी सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए।

**ग्राम विजन प्लान 2030 में प्रमुख प्राथमिकताएं** – सभी सुझावों को संकलित कर जो विजन प्लान 2030 तैयार किया गया है, उसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, आधारभूत संरचना, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण और परंपरागत संस्कृति के संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। इसका उद्देश्य गांवों को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सतत विकास के मार्ग पर अग्रसर करना है।

**जनभागीदारी आधारित शासन को मिली मजबूती** – आदिकर्मयोगी अभियान ने विकास की रूपरेखा तैयार करने के साथ–साथ जनभागीदारी आधारित शासन व्यवस्था को सशक्त किया है। ग्रामीणों की भागीदारी और सुझावों से बने ये विजन प्लान आने वाले वर्षों में कोंडागांव जिले के जनजातीय अंचलों के सवांर्गीण विकास की दिशा तय करेंगे।

### आदिकर्मयोगी शिविर में मेघनाथ को मिली राहत



**कोण्डागांव।** जनजातीय क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से चल रहे आदिकर्मयोगी अभियान के तहत आयोजित आदि सेवा पर्व शिविर ने ग्रामीणों के लिए राहत के द्वार खोले हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में आयोजित शिविर के दौरान एक वृद्ध हितग्राही मेघनाथ बघेल को उनकी लंबित पेंशन राशि का लाभ मिला। शिविर के दौरान मेघनाथ बघेल ने कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए बताया कि उन्हें कई माह से पेंशन की राशि खाते में नहीं मिल रही है। इस पर कलेक्टर ने तत्काल समाज कल्याण विभाग को मामले की जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए। निर्देश के बाद जब समाज कल्याण विभाग द्वारा मामले की जांच की गई, तो पाया गया कि पेंशन की राशि नियमित रूप से जिला सहकारी बैंक में जमा हो रही थी। लेकिन इसकी जानकारी हितग्राही को नहीं थी। जानकारी के अभाव के कारण वे राशि नहीं निकाल पा रहे थे। कलेक्टर के निर्देश पर समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती ललिता लकड़ा ने तत्परता दिखाते हुए मेघनाथ बघेल को 10 माह की पेंशन राशि कुल 5,000 रुपये का भुगतान कराया। राशि मिलते ही मेघनाथ ने कलेक्टर और विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। आदिकर्मयोगी अभियान के तहत आयोजित शिविरों में प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किए जाने से लोगों में सरकार और प्रशासन के प्रति भरोसा बढ़ा है। इन शिविरों ने ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों तक पहुँचाने और उनका समाधान पाने का अवसर दिया है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया कुएंमारी जलप्रपात का निरीक्षण



**कोण्डागांव।** विकासखंड केशकाल अंतर्गत ग्राम पंचायत कुएंमारी के प्रसिद्ध जलप्रपात में हाल ही में हुए हादसे के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी ने स्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। बीते दिनों बटराली गांव के 13 वर्षीय बालक की डूबने से मृत्यु की सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती रीता सोरी ने उपस्थित ग्राम समिति, वन विभाग के कर्मियों और कुएंमारी चौकी पुलिस दल से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जलप्रपात क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश देते हुए कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जलप्रपात क्षेत्र में चेतावनी बोर्ड, बाड़ लगाना, तथा गश्त व्यवस्था को तत्काल सु–ढ़ किया जाए। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने भी जिला पंचायत अध्यक्ष को पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती पर्यटक संख्या को देखते हुए स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। इस मौके पर ग्राम सरपंच गणेश कुमेटी और उप सरपंच सहित कई स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सभी ने मिलकर जलप्रपात क्षेत्र को सुरक्षित और पर्यावरण–संवेदनशील पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान से जन-जन को जोड़ें : टिकेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वर जैन ने भाजपा कार्यालय अटल सदन में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता के मार्ग पर ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल कर रहा है। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की शुरुआत 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती से की गई है। यह 25 दिसंबर, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती तक चलेगा। इसका उद्देश्य हर घर तक हर घर स्वदेशी, घर–घर स्वदेशी का संदेश पहुँचाना है।

श्री जैन ने कहा कि वर्ष 2014–15 में भारत का रक्षा निर्यात केवल 1,941 करोड़ था, जो 2024–25 में बढ़कर 23,622 करोड़ हो गया है। देश में 100 से अधिक यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स की स्थापना आत्मनिर्भर भारत की सफलता का प्रतीक है।

**छत्तीसगढ़ को बनेगा आत्मनिर्भरता का अग्रणी राज्य** – प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य है कि अगले पाँच वर्षों में छत्तीसगढ़ की जीएसडीपी दोगुना कर 10 लाख करोड़ तक पहुँचाई जाए। इसके लिए बस्तर की लोककला, डोकरा कला, टेराकोटा, चांपा का कोसा और जशपुर की कॉफी जैसे स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजारों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला समूहों द्वारा तैयार हर्बल और जैविक उत्पाद राष्ट्रीय बाजार तक पहुँचकर आत्मनिर्भरता की दिशा में नई पहचान बना रहे हैं।

**गर्व से कहो : यह स्वदेशी है** – श्री जैन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल आर्थिक स्वावलंबन नहीं बल्कि देशभक्ति का जज्बा है। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से आह्वान किया है कि त्योहारों पर स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग कर देश की प्रगति में सहयोग करें। पत्रकारवार्ता में जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, गोपाल दीक्षित, आकाश मेहता, नरपति पटेल, कुलवंत चहल, मनोज ध्रव, संतोष पात्रे सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## साहू समाज सरोना के चुनाव में पुष्कर की 16 मतों से जीते



**कांकेर।** साहू समाज सरोना परिक्षेत्र का बहुप्रतीक्षित चुनाव रविवार को साहू समाज भवन सरोना में शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक माहौल में हुआ। समाज के 03 सदस्य पुष्कर साहू, अनिल गजपाल और पीलू मैदान में उतरे और मतदान के उपरांत हुई मतगणना में पुष्कर 16 मतों से जीत हासिल किया। चुनाव अधिकारी ने समाज के उपस्थित लोगों के मध्य चुनाव करवाया और मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जिसमें पुष्कर साहू को 24 मत, अनिल गजपाल को 8 मत और पीलू साहू को 4 मत मिले। इस प्रकार पुष्कर साहू को सरोना परिक्षेत्र साहू समाज का नया अध्यक्ष घोषित किया गया। चुनाव के दौरान अन्य पदों के लिए भी चयन प्रक्रिया पूरी की गई। देवेंद्र साहू को उपाध्यक्ष, एवन साहू को संगठन सचिव और जितेश्वरी साहू को महिला संगठन सचिव के रूप में चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुष्कर साहू ने कहा कि साहू समाज के प्रत्येक व्यक्ति की राय और सुझाव हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। हम मिलजुल कर समाज के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

युवाओं को स्वावलंबी बनाने और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी भावना के साथ नई कार्यकारिणी समाज सेवा में निरंतर कार्यरत रहेगी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, पूर्व पदाधिकारी और समाज के समस्त सदस्य, महिलाएं, युवा उपस्थित रहे।

# श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देने के लिए दिया गया विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम
- एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और अंबुजा फाउंडेशन की संयुक्त पहल

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और अंबुजा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से संचालित परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत आज समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत किसानों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य श्री अन्न मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देना और किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम में जिले के 15 ग्रामों से लगभग 300 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ने किसानों को मिलेट्स जैसे कुटकी, कोदो, बाजरा और विभिन्न दालों की खेती के पारंपरिक व आधुनिक तरीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को खेत की तैयारी, बीज चयन और बोआई तकनीक, खाद एवं उर्वरक प्रबंधन, रोग एवं कीट प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक बताया गया। डॉ. सिंह ने बताया कि श्री अन्न न केवल पोषक तत्वों से भरपूर हैं बल्कि वर्तमान समय में बाजार में इनकी मांग तेजी से बढ़ रही है। यह फसलें कम लागत और कम पानी में भी आसानी से उगाई जा सकती हैं। खासतौर पर वर्षा आधारित क्षेत्रें के किसानों के लिए यह वरदान साबित हो सकती हैं।

***ग्रामीणों में बढ़ा उत्साह और जागरुकता*** *– कार्यक्रम में शामिल किसानों और स्वयंसेवकों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से खेती में नई तकनीक अपनाने और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। यह प्रशिक्षण न केवल किसानों के लिए तकनीकी मार्गदर्शन का स्रोत बना बल्कि इससे श्री अन्न की खेती के प्रति ग्रामीणों में जागरुकता और रुचि भी बढ़ी है।*

# बस्तर राइजिंग टीम का बस्तर के प्रवेश द्वार पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





- गढ़धनोरा, गोबरहीन और होनहेड़ जलप्रपात की प्राकृतिक व ऐतिहासिक सुंदरता का किया अवलोकन

छत्तीसगढ़ शासन, जनसम्पर्क विभाग एवं बस्तर संभाग के जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से संचालित विशेष अभियान बस्तर राइजिंग के तहत आज टीम का आगमन केशकाल विकासखंड के टाटामारी में हुआ। अभियान के प्रथम दिवस पर हिमाचल प्रदेश से आए नवाचारी दल के सदस्यों ने जिले के ऐतिहासिक व प्राकृतिक धरोहर स्थलों का भ्रमण किया।

टीम के सदस्यों ने सर्वप्रथम गढ़धनोरा और गोबरहीन स्थल का दौरा किया, जहां उन्होंने प्राचीन शिवलिंग का दर्शन कर उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बताया कि 6वीं शताब्दी के ऐतिहासिक महत्व वाले गढ़धनोरा की वास्तुकला और संस्कृति बस्तर की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। इसके पश्चात टीम ने प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर होनहेड़ जलप्रपात हार्मोनी फेस्ट 2025 के अंतर्गत संचालित बस्तर राइजिंग अभियान का उद्देश्य बस्तर की सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और उद्यमशीलता क्षमताओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना है। इस पहल के माध्यम से जनसंपर्क विभाग द्वारा विशेषज्ञों, युवाओं, शिल्पकारों और स्थानीय समुदायों के बीच संवाद, कार्यशालाएँ और सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं।

**टीम के सदस्य** – सात सदस्यीय टीम में प्लेसेज ऑफ पॉसिबिलिटीज़ के संस्थापक प्रतुल जैन, तथा परीना सिंघल, पलक चौधरी, आयुषी कपूर, निष्ठा जोशी, सदफ अंजुम और फ्रानो डिसिल्वा शामिल रहे। टीम ने बस्तर की संस्कृति और परंपरा को देशभर में नई पहचान दिलाने के संकल्प के साथ अभियान की शुरुआत की।



## महिला व पुरुष कबड्डी स्पर्धा में मंडागांव व हमातवाही की जीत

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम नेवारी में आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत एवं स्थानीय युवाओं के सहयोग से किया गया था, जिसमें क्षेत्र की अनेक टीमों ने भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में हमातवाही टीम प्रथम एवं दुर्गुकोदल टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं महिला कबड्डी प्रतियोगिता में मंडागांव टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमलता उइके, अध्यक्षता सरपंच नंदकुमार खरे, विशेष अतिथि के रूप में ग्राम गायता, पटेल एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गणित-विज्ञान में रुचि बढ़ाने की क्वीज स्पर्धा में विजेता छात्र हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत गणित एवं विज्ञान विषय में विद्यार्थियों की रुचि विकसित करने के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के सभागार कक्ष दुर्गुकोंदल में किया गया। प्रतियोगिता में माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को बज़र राउंड, रैपिड फायर राउंड और पास राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान और गणित से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी ज्ञान क्षमता का प्रदर्शन किया। माध्यमिक स्तर में प्रथम स्थान संकुल कोदापाखा की कुमारी रागनी बघेल एवं ओमप्रकाश, द्वितीय स्थान संकुल ईरागांव की हसीना उईके एवं आकांक्षी चुरेंद्र ने प्राप्त किया। हायर सेकेंडरी स्तर में प्रथम स्थान संकुल कोंडेसे के नीतीश कुमार साहू एवं माहेश्वरी पूड़ो, द्वितीय स्थान संकुल डांगरा की कुमारी प्रतिमा नरेटी एवं कुमारी सोनम कुमार ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में राजेंद्र कुमार बंजारे, जागेश्वर लाल फरदिया, पंचम लाल नरेटी, हेमंत कुमार भौसार, दुर्गा प्रसाद साहू और राकेश कुमार सोनवानी शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय की ओर से पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सभी संकुलों के प्राचार्य एवं समन्वयक बाबूलाल, हेमंत श्रीवास्तव, अजय नेताम, रामनारायण, शंकर नागवंशी, किशोर विश्वकर्मा, टिकेश्वर, रामचंद्र दुग्गे और खेमंत सिंन्हा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लोहे के रिंग लगे ट्रैक्टरों के संचालन पर प्रतिबंध

**दंतेवाड़ा।** जिला परिवहन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ऐसे ट्रैक्टर जिनके टायरों में लोहे का रिंग लगा हो, उनका प्रयोग केवल खेती-किसानी के कार्यों में खेतों तक सीमित रखा जाना चाहिए। ऐसे रिंग लगे ट्रैक्टरों का ग्रामीण क्षेत्रों की सामान्य सड़कों या सीमेंट सड़कों पर आवागमन किए जाने से सड़कों को नुकसान पहुँच रहा है। यह कार्य मोटर वाहन अधिनियम के विरुद्ध है तथा इससे दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है। अतः ऐसे वाहनों को यदि सामान्य या सीमेंट सड़कों पर चलते पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए वाहन स्वामी स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिला परिवहन अधिकारी, दंतेवाड़ा द्वारा समस्त वाहन स्वामियों को यह सूचना दी जाती है कि वे अपने रिंग लगे ट्रैक्टरों का प्रयोग केवल खेतों में करें और उन्हें सामान्य सड़कों पर न चलाएं।

### लंबित प्रकरणों को समय सीमा में करें निराकरणः कलेक्टर

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान हुई घोषणाओं की अद्यतन जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर, अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### बड़े कारली में हुई विशेष ग्राम सभा

**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बड़े कारली में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य ग्राम विकास को गति देना और आगामी एक वर्ष की कार्य योजना तैयार करना था। बैठक में ग्राम विकास के लिए नजरी नक्शा बना कर रूपरेखा तैयार की गई और प्राथमिकताओं को चिन्हित किया गया। बैठक में जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार कौशल, ग्राम पंचायत सरपंच विजय कश्यप, ग्राम पंचायत सचिव, भाजपा नेता बलदेव कश्यप, सुंदर, बुधरू, घेनू राम यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। जनपद पंचायत गीदम उपाध्यक्ष दिनेश कुमार कौशल ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पंचायत को अपनी भूमिका स्पष्ट करने और जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने की सलाह दी। सभा में ग्रामवासियों ने भी अपनी समस्याएँ रखीं और पंचायत ने उनकी शिकायतों के समाधान का आश्वासन दिया। ग्राम विकास की योजनाओं में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

# छात्रों को नहीं मिल रहा पेयजल का लाभ, जहरीले पानी का कर रहे उपयोग

### फ्लोराइडयुक्त पानी से प्यास बुझाने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर/मद्देड़




जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर एनएच से 100 मीटर की दूरी पर स्थित शासकीय हाई स्कूल पोटाकेबीन संड्रापल्ली की स्थिति ऐसी है कि अध्ययन रथ छात्रों, शिक्षक को पीने योग्य पानी नहीं मिल रहा है। एक तरफ शासन शिक्षा के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर भवन आश्रम छात्रावास बना रही है, मगर उस आश्रम, भवन, छात्रावास में होने वाली सुविधा को कमीशन में खर्च हो रही है या बन्दर बांट किया जा रहा हैं। हम बात कर रहे शासकीय हाई स्कूल पोटाकेबीन संड्रापल्ली 100 सीटर की जहां नवमी और दशमी के छात्र अध्ययन रथ है। इन छात्रों को पीने के पानी की बहुत दिक्कत हो रही है। छात्र मजबूरी में क्लोराइड युक्त पानी से प्यास बुझाने को मजबूर हैं। इन्हें भोजन बनाने के लिए जान जोखिम में डाल कर जंगल के रास्ते से नाला पार कर खेत के बोरवेल से पानी लाने को मजबूर है।

छात्रों को रात हो या दिन जान जोखिम में डाल कर बाथरूम जाना हो तो नदी नाला पार कर जाना पड़ता है। स्कूल प्रांगण में एक बोरिंग है जो पूर्ण रूप से फ्लोराइड युक्त पानी लाल निकलता है जो पीने योग्य नहीं हैं। विद्यार्थी अपने परिवार से दूर रहकर इस स्कूल में अध्ययन कर रहे हैं जो हर पल दुर्घटना को आमंत्रित करता हैं। यहां पर हर रोज जहरीले सांप भी छात्रावास में घुस जाता है, जो इन छात्रों के लिए खतरा बना हुआ है।

महिला टीचर भी अपनी ड्यूटी निभाती है मगर टॉयलेट नहीं हैं। आश्रम के छात्रों, टीचरों, कर्मचारियों का कहना है कि हमारी मौत भी हो सकती। यहां आए दिन जहरीले जंगली सांप, बिच्छू, कीड़े, अन्य जहरीले जीव घूमते रहते है, जिससे यहां कभी भी दुर्घटना हो सकती।

## तुरागुर में विकास के नए आयाम

# विधायक ने किए 20 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल



बास्तानार ब्लॉक के ग्राम पंचायत तुरागुर में आज क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने वाले कई महत्वपूर्ण कार्यों का शुभारंभ हुआ। क्षेत्र के लोकप्रिय एवं जनसेवी विधायक विनायक गोयल के मुख्य आतिथ्य में नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण तथा तुरागुर में नाली निर्माण कार्य एवं जुनाटपा में सीसी रोड निर्माण कार्य सहित कुल 20 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्यों का भूमिपूजन हुआ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि ग्रामीण अंचलों में भी मूलभूत सुविधाएं सुलभ हों, ताकि गांवों का विकास शहरों की तर्ज पर हो सके। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी भवन के निर्माण से बच्चों को सुरक्षित और उपयुक्त वातावरण मिलेगा, जहां वे प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे।

विधायक गोयल ने आगे कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक गांव की सड़कें मजबूत हों, नालियां पक्की हों और गांव स्वच्छ तथा सुंदर बने। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी और बास्तानार क्षेत्र को मॉडल ब्लॉक के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विधायक गोयल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि नाली एवं सीसी रोड निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद अध्यक्ष महावती मण्डावी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, जनपद सदस्य रूपाराम मुचाकी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नारायण ठाकुर, मण्डल महामंत्री मनोज सेठिया, कमल ठाकुर, सन्तोष ठाकुर, कोसाराम पोयाम, विमल पाण्डेय, प्रवीण कश्यप, बदरू पोडियामी, सुक्को वेट्टी, बलीराम एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# पोषण आहार व स्वास्थ्य के महत्व को लेकर हितग्राहियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



ग्राम पंचायत मधोता 2 कुंडगुड़ा में पोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच ईस्पर मंडावी शामिल हुए। उन्होंने पोषण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ आहार और पोषण के अभाव में बच्चों का भविष्य अधूरा है। सरपंच ईस्पर मंडावी ने कहा कि ग्राम पंचायत की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं कि हमारे क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में सहयोग करें।

- ग्राम पंचायत मधोता 2 कुंडगुड़ा में पोषण माह का आयोजन

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यमुना ठाकुर ने पोषण माह की जानकारी देते हुए बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस माह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें बच्चों को स्वस्थ आहार के बारे में जानकारी दी जा रही है और उन्हें पौष्टिक आहार का महत्व समझाया जा रहा है।

पोषण ट्रैकर ऐप के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह ऐप आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवा वितरण और गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, 0-6 साल के बच्चों के लिए संपूर्ण लाभार्थी प्रबंधन का 360-डिग्री दृश्य प्रदान करता है। यह ऐप पोषण संबंधी आंकड़ों के संग्रह और विश्लेषण में सुधार करता है, जिससे रुझानों की पहचान करना और लक्षित हस्तक्षेप करना संभव हो जाता है।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया और आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच ईस्पर मंडावी, यमुना ठाकुर, गोमती बघेल, सोमारी कश्यप,गीता नाग आदि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# एबीईओ ने सामाजिक अंकेक्षण देखने स्कूलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर




सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा स्वयं के जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व माध्यमिक कन्या बस्तर में स्वादिष्ट भोजन जिसमे खीर ,पूड़ी,चना आलू की सब्जी व पापड़ बनवाकर न्योता भोजन करवाया गया। स्वयं अधिकारी द्वारा बच्चों को भोजन परोसा गया।

उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जन्मदिन पर इसी प्रकार किसी भी शाला में मध्यान्ह भोजन में कुछ विशेष बनवाकर बच्चों को खिलाकर अपना जन्म दिन मनाने में उन्हें अपार सन्तुष्टि मिलती है। साथ ही शाला का अवलोकन भी हो जाता है। बच्चों को अपने बीच पाकर उन्हें काफी गौरवान्वित महशूस होता है। इस अवसर पर कन्या शाला के समस्त बच्चे व स्टाफ उपस्थित थे।अधिकारी द्वारा हायरसेकंडरी सेजेज़ कन्या बस्तर का भी अबलोकन किया। यहां आयोजित सामाजिक अंकेक्षण का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, एसएमडीसी के सदस्यगण व पालक की सहभागिता देखने को मिली। अधिकारी द्वारा सभी अध्ययनरत बच्चों को नियमित शाला भेजने की अपील की गई। साथ ही शाला से सतत सम्पर्क बनाये रखने की बात कही गई। सभी 20 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा व संवाद किया गया। विभिन्न संकायों के प्रयोगशाला कक्ष का भी मोनिटरिंग किया गया सभी प्रायोगिक सामग्री का रख रखाव व्यवस्थित पाया गया। अध्यापको द्वारा डेली डायरी नियमित संधारित की जा रही है जो कमियां देखने को मिली उसे सुधार करने समझाइस दी गई है। यहां के नवनियुक्त प्राचार्य द्वारा मेहनत की जा रही है। बच्चों की बीच अनुशासन का स्तर बेहतर पाया गया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य चन्द्रभान मिश्रा सहित समस्त टीचर स्टाफ व संकुल समन्वयक बस्तर फगनू नाग भी उपस्थित थे। अधिकारी ने बताया कि उनके निरीक्षण का क्रम सतत व नियमित जारी रहेगा।

# सायबर फ्राड, नशा मुक्ति व यातायात के संबंध में अभियान

हरिभूमि न्यूज : बचेली



सायबर अपराधो, नशा मुक्ति एवं यातायात के संबध में रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव राय जिला के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर, रामकुमार बर्मन दंतेवाड़ा तथा सायबर नोडल अधिकारी गौरव सिंह ठाकुर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा, किरन्दुल के मार्गदर्शन में सायबर अपराधो, नशा मुक्ति एवं यातायात की रोकथाम हेतु लगातार बचेली पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 8 सितम्बर को बचेली पुलिस द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल बचेली में स्कूल प्राचार्य बीआर नाग, शिक्षकगणो एवं विधिक सेवा पैरालीगल वालंटियर की उपस्थित में बचेली थाना प्रभारी निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के द्वारा स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओ को सायबर क्राईम जैसे- फर्जी लिंक, सोशल मीडिया पर फर्जी वेबसाईड, स्केमर्स टेलीकॉम कंपनी के अधिकारी होने का दिखावा करते हुयें पैसे की मांग करना, केवाईसी अपडेट करने, बैंक कर्मचारी बताकर ठगी करने वालो से सावधान रहने, किसी प्रकार का नशा, धुम्रपान न करने एवं 18 वर्ष से कम उम्र में वाहन न चलाने एवं यातायात के नियमो का पालन करने समझाईश दिया गया है। साथ ही साथ विधिक सेवा पैरालीगल वालंटियर रीता चौहान एवं महिला स्टाफ के द्वारा गुड टच, बैड टच के संबंध में जानकारी दी गई है।

# अतिरिक्त सचिव ने मूक-बधिर विद्यार्थियों के बीच गुजारा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत सरकार की अतिरिक्त सचिव कैरेलिन खोंगवार देशमुख 09 अक्टूबर को कोदाभाट स्थित शासकीय श्रवण एवं दृष्टि बाधितार्थ विशेष विद्यालय पहुंचीं, जहां पर विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग विद्यार्थियों ने साइन लैंग्वेज के साथ स्वागत किया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने स्वागत गीत गाया तथा खुद के द्वारा तैयार की गई पेंटिंग्स उन्हें भेंट किया।



अतिरिक्त सचिव ने शासकीय श्रवण एवं दृष्टि बाधितार्थ विशेष विद्यालय में उपलब्ध साधनों एवं संसाधनों की सराहना करते हुए शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की रूचि के अनुरूप विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण देने की बात कही, ताकि यहां के बच्चे बड़े होकर आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण क्षमा शर्मा द्वारा विद्यालय से संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 50 सीटर उक्त विद्यालय में बारहवीं तक की कक्षाएं संचालित हैं तथा कुल 45 छात्र अध्ययनरत हैं, जिनमें 33 श्रवण बाधित और 12 दृष्टिबाधित बच्चे सम्मिलित हैं। यह भी बताया गया कि विशेष विद्यालय परिसर में सभी छात्रों के लिए निःशुल्क आवासीय एवं भोजन सुविधा उपलब्ध है तथा निकट भविष्य में जिला प्रशासन के सहयोग से स्मार्ट क्लासेस संचालित करने की योजना है। इस अवसर पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, संयुक्त सचिव आदिवासी विकास अनुपम त्रिवेदी, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महेंद्रपुर सटेली में धूमधाम से मनाया चरू त्योहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत महेंद्रपुर सटेली गांव में गुरुवार को पारंपरिक चरू त्योहार मनाया गया। यह त्योहार फसल कटाई से पहले धरती माता का आभार व्यक्त करने और देवताओं को प्रसन्न करने के लिए मनाया जाता है। पूजा सामग्री लेकर पूजा स्थल पर पहुंचे। गांव के किसानों ने अपनी क्षमता अनुसार, मुर्गा, फल-फूल, चांवल, दाल और सब्जियां लेकर पूजा में भाग लिया। खेत में गोबर से लीपाई करके और चांवल के आटे से चौक बनाकर पूजा की गई। पूजा के दौरान चांवल लाई, धुप, अगरबत्ती, और अक्षत चढ़ाए गए और राव देव समेत अन्य देवी-देवताओं की प्रार्थना की गई। मुर्गा बलि की परंपरा का भी निर्वहन किया गया। बलि के बाद किसानों ने अलग-अलग समूहों में भोजन तैयार किया और सामूहिक रूप से भोजन का आनंद लिया। इस त्योहार में महिलाओं का जाना वर्जित माना जाता है। चरू त्योहार बस्तर की संस्कृति और परंपराओं का अद्वितीय उदाहरण है, जो प्रकृति और धरती माता के प्रति आदरभाव को दर्शाता है। गांववासियों ने इसे पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर देवलाल नरेटी, नाथूराम नरेटी, ग्राम पटेल रमसू नरेटी, अमरसिंह नरेटी, जगेराम नरेटी, राजकुमार यादव, छत्तर नरेटी, नारायण उयके, चरण उयके, जयपाल उयके, नरसिंह उयके, बलराम टेपरिया, सुरेश जैन, धन्नूलाल जैन, ओमप्रकाश सलाम एवं गाँव के समस्त किसान उपस्थित रहें।

# नक्सल मुक्त पंचायत बड़ेसट्टी में विकास की रफ्तार तेज

हरिभूमि न्यूज : सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार बुधवार को ग्राम पंचायत बड़ेसट्टी में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया गया। प्रशासनिक टीम ने ग्राम स्तर पर जारी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बड़ेसट्टी ग्राम पंचायत को यह गौरव प्राप्त है कि यह छत्तीसगढ़ की पहली नक्सल सदस्य मुक्त पंचायत बनी है। इस उपलब्धि के परिणामस्वरूप नक्सल पुनर्वास नीति के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा पंचायत में 1 करोड़ 10 लाख के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनका कार्य तेजी से प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान समग्र योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र, सीसी रोड, बाजार शेड, उप स्वास्थ्य केंद्र और पंचायत भवन के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखते हुए सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। गांव के सर्वांगीण विकास की दिशा में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा की भी शुरुआत की गई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त हो रही है। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत अधूरे आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि बड़ेसट्टी पंचायत की विकास यात्रा अब नई दिशा में अग्रसर है। प्रशासन का उद्देश्य है कि यह ग्राम पंचायत आदर्श विकास मॉडल के रूप में उभरे। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ सुकमा सुश्री निधि प्रधान, तहसीलदार सुकमा अम्बर गुप्ता तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का लोकतंत्र व संविधान पर विश्वासः हुसैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी के मंशारूप संगठन सृजन अभियान के तहत जमीनी स्तर के कार्यकर्ता तक पहुंच कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद की चयन कर नियुक्ति करने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से प्रमुख पर्यवेक्षक सैयद अजमतुल्ला हुसैनी, पर्यवेक्षक कुवंर सिंह निषाद विधायक गुंडरदही, पर्यवेक्षक रामकुमार यादव विधायक चद्रपुर, को जिलाध्यक्ष के चयन के लिए भेजा गया।जहां आगमन पर आज जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस भवन में आयोजित स्वागत समारोह में जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहना कर पर्यवेक्षकों का अभिनंदन किया। जिन्होंने जिले के सभी ब्लॉक बारसूर,गीदम, दंतेवाड़ा शहर, दंतेवाड़ा ग्रामीण, कटेकल्याण, कुआकोंडा, बचेली ग्रामीण, बचेली शहर, किरंदूल के एवं मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी, जिले के समस्त जनप्रतिनिधि पूर्व जनप्रतिनिधि, कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, शहर अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, कार्यकारिणी, एवं सभी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओ को बैठक मे बुलाया गया था। और सभी कार्यकत्ताओ को कमरे मे बुला कर वन टू वन चर्चा किया गया, इन चर्चाओ की रिपोर्ट बना कर। सीधे दिल्ली मे राष्ट्रीय कांग्रेस को सौपा जायेगा। इसी बीच अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केंद्रीय पर्यवेक्षक सईद अजमतउल्लाह हुसैनी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गुजरात अधिवेशन में संगठन को निचले स्तर पर मजबूत कैसे किया जाए इस पर गंभीरता से चिंतन किया गया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर 12 को

**कांकेर।** आयुष विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में क्षेत्र की नारी शक्ति को सम्मान में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के केन्द्रीय लक्ष्य को पूर्ण करने 12 अक्टूबर रविवार को सुबह 9 बजे से शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विशेष रूप से पंचकर्म सेवाएं, कपिंग थेरेपी, अग्नि कर्म पद्धति, एक्युपंचर चिकित्सा, एकल द्रव्य प्रदर्शनी, रक्त जांच एवं नेत्र जांच, स्वर्ण प्राशन, गैर संचारी रोग क्लीनिक की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी।

### दस्तावेज सत्यापन 24 अक्टूबर को

**कांकेर।** जिले में संचालित आईसीटीसी केन्द्र में 01 रिक्त पद लैब टेक्नीशियन की भर्ती के लिए 24 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन उसी दिन उपस्थित होकर कराना अनिवार्य होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### रोजगार मेला व प्रशिक्षण काउंसिलिंग आज होगी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा जिले के बेरोजगारों को रोजगार एवं स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए लाईवलीहुड कॉलेज कांकेर में जल वितरण संचालक, रिटेल सेल्स, सोलर पैनल तकनीशियन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, सुरक्षा गार्ड कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदाय के लिए 10 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से काउंसिलिंग का आयोजन जाएगा।

# करवा चौथ पर 200 साल बाद सिद्धि व शिववास योग में भक्ति से मिलेगी दुगुनी शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

करवा चौथ एक ऐसा व्रत है, जिसे सुहागिन महिलाएँ पति की लंबी आयु, सुरक्षित जीवन एवं सुख-समृद्धि के लिए करती हैं। प्रत्येक वर्ष इस पर्व की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता अलग होती है। परंतु 2025 में यह व्रत विशेष रूप से ऐतिहासिक बन रहा है, क्योंकि ज्योतिषविदों का कहना है कि लगभग 200 साल बाद इस बार करवा चौथ के दिन दो दुर्लभ सिद्धि और शिववास योग बन रहे है। यह महासंयोग माना जा रहा है कि इस व्रत की शक्ति को कई गुना बढ़ा देगा। काशी पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 9 अक्तूबर को रात 2 बजकर 49 मिनट से शुरू होकर 10 अक्तूबर की रात 12 बजकर 24 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि मानने के कारण करवाचौथ व्रत 10 अक्तूबर को रखा जाएगा। ज्योतिषाचार्यों की मानें तो इस बार करवा चौथ पर सिद्धि योग का विशेष संयोग बन रहा है, जो पूजा-पाठ और व्रत के लिए बेहद शुभ माना गया है। साथ ही चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृषभ में रहेगा, जो सुहागिनों के लिए विशेष फलदायी रहेगा। इस बार गुरु और शुक्र भी उदित रहेंगे, जिससे व्रत का प्रभाव और अधिक शुभ होगा। चंद्रमा के इस गोचर की वजह से गौरी योग का शुभ संयोग बनेगा। साथ ही शुक्र जो प्रेम और वैवाहिक जीवन के सुख के कारक ग्रह हैं वह कन्या राशि में होकर शुक्रादित्य योग बना रहे हैं।

## उदया तिथि में करवाचौथ व्रत आज मनाया जाएगा

### दुर्लभ और शुभ योग का संयोग

करवाचौथ पर कई दुर्लभ और शुभ योग का संयोग बना है। अबकी बार चंद्रमा करवाचौथ पर दिन रात वृषभ राशि में संचार करेंगे। साथ ही चंद्रमा रोहिणी नक्षत्र में रहेंगे और इसी संयोग में महिलाएं चंद्रमा को अर्घ्य देंगी जो सुहाग की लंबी आयु और सौभाग्य की वृद्धि करने वाला रहेगा।




### पूजन व अर्घ्य देने का समय

ज्योतिषों की मानें तो इस बार पूजन का शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 43 मिनट से शुरू होगा और सायं 6 बजकर 57 मिनट तक रहेगा। यह समय प्रदोष काल का रहेगा। इस समय महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय की पूजा करेंगी और रात को लगभग सवा 8 बजे चंद्रदर्शन के बाद अर्घ्य देकर व्रत पूर्ण करेंगी।

## रैंकिंग में और सुधार लाने के लिए योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : कैरेलिन खोंगवार

# आकांक्षी जिला व आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रमों की अतिरिक्त सचिव ने की समीक्षा व जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव कैरेलिन खोंगवार देशमुख ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन एवं बुनियादी ढांचा जैसे प्रमुख विषयों पर सूचकांकवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया।

अतिरिक्त सचिव सूचकांकों में प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले की रैंकिंग में और सुधार लाने के लिए योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। नवाचार और जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जाए, दूरस्थ अंचलों तक सेवाओं की पहुँच को और मजबूत करने के लिए विभागीय समन्वय और निगरानी प्रणाली को सुदृढ़ किया जावे। दूर दराज इलाकों में जन जागरूकता अभियान चलाया जाकर लोगों को शासन के कल्याणकारी योजनाओं से



लाभान्वित किया जावे। हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विद्यार्थियों के ड्रॉप आउट के दर को कम करने का प्रयास किया जावे तथा स्कूल-स्तर पर निगरानी और परामर्श की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महिला स्वसहायता समूहों को खाद्य एवं वनोपज के पैकेजिंग व ब्रांडिंग के लिए कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर उन्हें बाजार से जोड़ने का प्रयास किया जावे। अतिरिक्त सचिव ने आकांक्षी ब्लॉक दुर्गूकोंदल एवं कोयलीबेड़ा में किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की तथा कोयलीबेड़ा के दूरस्थ अंचल में नेटवर्क की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए नेटवर्क पहुंच वाले स्थानों में जाकर पोषण ट्रेकर में जानकारी भरने की समझाईश संबंधित अधिकारियों को दिए। बाल विवाह को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने भी कहा गया। आकांक्षी जिला व आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पिछली बार जब मैं कांकेर आई थी और अब की तुलना में जिले के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। उन्होंने अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की और आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### जनसंख्या में लिंगानुपात की जानकारी दी

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कांकेर जिले की भौगोलिक स्थिति, प्रशासकीय ढांचा एवं जिले के जनसंख्या में लिंगानुपात की जानकारी देते हुए बताया कि कांकेर जिले की लिंगानुपात बहुत अच्छा है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की जनसंख्या में एक हजार पुरूषों पर एक हजार छह महिलाओं का लिंगानुपात है। आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को जिले में बेहतर ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि भारत सरकार के नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत लक्षित सूचकांकों- स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कांकेर जिले को रजत पदक प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं सामाजिक विकास के सूचकांकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोयलीबेड़ा ब्लॉक को स्वर्ण पदक तथा दुर्गूकोंदल ब्लॉक को रजत पदक से सम्मानित किया गया है। आयोजित बैठक में संयुक्त सचिव आदिवासी विकास विभाग रायपुर अनुपम त्रिवेदी, डीएफओ भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं नीति आयोग के अधिकारीगण मौजूद थे।

# वन विभाग ने वन्य प्राणियों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दी सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



पूर्व वन मंडल भानुप्रतापपुर के अंतर्गत वन परिक्षेत्र दुर्गुकोदल में वन्यजीव संरक्षण सप्ताह का सफल आयोजन संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम 2 से 8 अक्टूबर तक पूरे क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य वन्यजीवों की रक्षा, पर्यावरण संतुलन और मानव-प्रकृति के सहअस्तित्व के प्रति ग्रामीणों में जन-जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी चरण सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सप्ताह भर चले अभियान में वन्यजीव संरक्षण पर रैली, जनसंवाद और शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि वन्यजीव हमारे पारिस्थितिक तंत्र के महत्वपूर्ण अंग हैं और उनका संरक्षण पर्यावरणीय स्थिरता के लिए अनिवार्य है। अधिकारियों ने बताया कि वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को बचाना, अवैध शिकार और वन्यजीव व्यापार पर रोक लगाना तथा जंगलों में मानवीय हस्तक्षेप को कम करना आवश्यक है। ग्रामीणों को प्रेरित किया गया कि वे जंगलों में वन्यजीवों की गतिविधियों की जानकारी तुरंत विभाग को दें ताकि किसी भी प्रकार की हानि से बचा जा सके। वन परिक्षेत्र दुर्गुकोदल के अंतर्गत सभी उपपरिक्षेत्रों साधुमिचगांव, दोड़दे, हानपतरी, दमकसा और हाटकोंदल में भी जनजागरूकता रैली निकाली गई। प्रकृति हमारी साथी, वन्यजीव हमारी जिम्मेदारी जैसे नारों के साथ विद्यार्थियों, ग्राम प्रतिनिधियों और वनरक्षकों ने लोगों को प्रेरित किया। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने कहा कि वन्यजीव केवल जंगल की शोभा नहीं हैं, बल्कि हमारे जीवन चक्र का आधार हैं। इनके बिना पर्यावरणीय संतुलन असंभव है। ग्रामीणों से कहा कि वे जंगलों को केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार मानें।

इस अभियान में डिप्टी रेंजर सोमनाथ कोडोपी, चित्रसेन कंचन, वन क्षेत्रपाल सिद्धार्थ भारती, एकता कर, हेमलता नरेटी, संजय सेवता, सतीश ठाकुर, मया राम दुग्गा, लोकेश उइके, सीताफ नरेटी, जनेंद्र मंडावी, अखंड प्रताप तिवारी, चेतन कोडोपी, देवेंद्र देवांगन, चैतराम उसेंडी, अजय नेताम, सुजीत खिलाडी, कांशी दर्रो, इंद्रकुमार कोडोपी, दुर्गेश देवांगन एवं विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद पर मारपीट में दो चाचाओं पर मामला दर्ज

**कांकेर।** भोथा में जमीन को खाली करने की बात को लेकर रिश्तेदारों के मध्य विवाद हुआ। बातचीत से विवाद नहीं सुलने पर मारपीट में तब्दील हो गया। चाचा और भतीजा के मध्य मारपीट हो गई। भतीजे की शिकायत पर पुलिस ने चाचा पर मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे भोथा निवासी जीवन लाल जैन ने पुलिस को बताया कि 6 अक्टूबर को दोपहर 3 बजें अपने खेत जा रहा था। उसी समय मेरे चाचा गणेश जैन अपने घर सामने मुझे देखकर गाली देने लगे। मैने चाचा को गाली देने के लिए मना किया, परंतु चाचा आक्रोशित होकर कहने लगे कि तू जमीन को कब छोड़ेगा, मैना कहा कि गाली क्यों दे रहे हो, इतने में पास में पड़ी लकड़ी के डंडे से मेरे ऊपर हमला बोल दिया और बांए सीना के पास में धक्का



दिया। धक्का देते हुए कहने लगे कि तूझे जान से मार दूंगा और मारपीट करने लगे। उसी समय उसका नाती दीपक जैन भी घर से बाहर निकलकर डंडे से मेरे ऊपर हमला कर दिया, जिससे मामूली अंदरूनी चोट आई हहै। भतीजा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चाचा गणेश जैन और दीपक जैन के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# बाइक की ठोकर से पैदल महिला गंभीर घायल, हायर सेंटर रिफर

**कांकेर।** डोंगरकट्टा के मेन रोड में पैदल चल रही महिला को बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर से महिला जमीन पर गिर गई और उसे गंभीर चोट आई। प्राथमिक इलाज के बाद घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर करना पड़ा। थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत करने पहुंची डोंगरकट्टा निवासी 50 वर्षीय सनबती मातलामी पति बिदेसिंह ने पुलिस को बताया कि मेरी दादी का मायका एवं ससुराल ग्राम डोंगरकट्टा है। मेरी दादी सनबती मातलामी 8 अक्टूबर को अपने मायका गई थी। अपने मायका से वापिस अपने घर पैदल जा रही थी, तभी करीबन सुबह 7 बजे रंगमंच सामने मेन रोड के पास मोटर



सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजे 8992 का चालक अपने मोटर सायकल को काफी तेज गति लापरवाही पूर्वक गलत दिशा मे चलाते हुए मेरी दादी सनबती मातलामी को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। एक्सीडेंट करने से मेरी दादी सनबती मातलामी के बांए पैर पसली, सिर मे चोट आई थी और उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर में भर्ती करायसा। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के उपरांत गंभीर रूप से घायल होने पर हायर सेंटर रिफर कर दिया। घायल महिला के परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर ले गए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजे 8992 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

# प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर जानलेवा हमला, युवती गंभीर, आरोपी फरार

**पखांजुर।** बांदे थाना क्षेत्र के पीव्ही 84 शंकरनगर में बीती रात एकतरफा प्यार के चलते एक युवक ने निर्मल तरफदार की बेटी पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवती के सिर में गंभीर चोट लगी है, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना बुधवार रात लगभग 1 बजे की है। पीव्ही 79 का निवासी सुखेन मिस्त्री अपने एक दोस्त के साथ युवती के घर पहुंचा और उसे



बाहर बुलाया। जब परिजन और युवती बाहर आए, तो सुखेन ने युवती से शादी करने की बात कही।

युवती द्वारा शादी से मना करने पर युवक गुस्से में आ गया और उसने अपने साथ लाए गए हथियार से युवती पर हमला कर दिया। हमले में युवती के सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गई। घायल अवस्था में देखकर दोनों युवक मौके से फरार हो गए। परिजनों ने तुरंत घायल युवती को बांदे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार युवती के सिर में 7 टांके लगे हैं।

युवती के शादी के प्रस्ताव को ठुकराने का यह अंजाम जानलेवा साबित होते-होते बचा। बांदे पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और आरोपी सुखेन मिस्त्री और उसके दोस्त की तलाश जारी है।

# विद्यार्थी प्रदेश में ही नहीं, देश-विदेशों अपनी प्रतिभा करें उजागर : देशमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- अतिरिक्त सचिव ने मावा मोदोल का निरीक्षण किया



भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव कैरेलिन खोंगवार देशमुख ने जिला प्रशासन की विशेष पहल पर स्थापित किए गए मावा मोदोल कोचिंग संस्थान और सेंट्रल लाइब्रेरी कांकेर का अवलोकन किया। तदुपरांत वे ग्राम कोदाभाट स्थित शासकीय श्रवण बाधितार्थ विशेष विद्यालय में जाकर निःशक्त बच्चों से रूबरू हुईं और उनसे चर्चा किया। नीति आयोग के निर्देशानुसार भारत सरकार की अतिरिक्त सचिव कैरेलिन खोंगवार देशमुख 9 अक्टूबर की सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय कांकेर पहुंचीं, जहां से उन्होंने सेंट्रल लाइब्रेरी का कार्य देखा। इस दौरान कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उन्हें बताया कि स्थानीय युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण एवं स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेंट्रल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है, जहां प्रतिदिन महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं विभिन्न विषयों पर आधारित पुस्तकों का अध्ययन करते हैं। इस पर अतिरिक्त सचिव ने जिला प्रशासन की उक्त पहल की सराहना किया। इस अवसर पर उन्होंने लाइब्रेरी के विजिटर्स रजिस्टर में अपने हस्ताक्षर भी किए। इसके बाद मावा मोदोल कोचिंग संस्थान के अध्ययन कक्ष में जाकर विद्यार्थियों से चर्चा किया। कलेक्टर ने उन्हें बताया कि सुदूर आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर ढंग से तैयारी करने व कैरियर गाइडेंस देने के लिए इसकी स्थापना की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को सीजी पीएससी, एसएससी, व्यापम सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के योग्य तैयार करने जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अतिरिक्त सचिव ने उक्त कार्य की सराहना करते हुए मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जिला प्रशासन की बहुत ही उत्कृष्ट और सराहनीय पहल है, जहां युवाओं को समुचित ढंग से गढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। यहां के विद्यार्थियों का न सिर्फ प्रदेश की लोक सेवाओं में चयन हो, बल्कि अपनी मेहनत और संस्थान के उच्च मार्गदर्शन में देश और विदेशों में भी सेवाओं के जरिए अपनी पहचान स्थापित करें। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से उनके भविष्य की रणनीति के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

# चाणक्यपुर में जमीन कब्जे के चक्कर में दो हेक्टेयर में लगे 4 हजार पेड़ों की बलि चढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

ग्राम पंचायत चाणक्यपुरी और हरनगढ़ के सीमावर्ती पहाड़ पर स्थित दो हेक्टेयर राजस्व भूमि को अवैध कब्जा एक ग्रामीण के द्वारा किया गया। ग्रामीण ने वन विभाग द्वारा 2012 में लगाए गए चार हजार पौधों की बलि दे दी। ग्रामीणों ने माँग किया है कि जमीन को मुक्त कराकर फिर से पौधारोपण किया जाए।

**जमीन को मुक्त कराके फिर से पौधारोपण किया जाए**



ग्रामीण धनीराम दुग्गा, रघु राम उसेंडी, मजीद उसेंडी ने बताया कि अतिक्रमणकारी खोकन तालुकदार ने सरकारी जमीन पर वन विभाग द्वारा वर्ष 2012 में लगाए गए पौधों को जलाकर नष्ट कर दिया, जिससे जंगल को भारी नुकसान हुआ। यह मामला तब सामने आया जब ग्राम पंचायत हरनगढ़ के ग्रामीणों ने इसकी शिकायत किया। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए वन मण्डलाधिकारी पश्चिम भानुप्रतापपुर ने तत्काल जांच के आदेश दिए। शिकायत के आधार पर वन विभाग एवं राजस्व विभाग की एक संयुक्त टीम जाँच के लिए मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि यह भूमि राजस्व विभाग के अभिलेखों में दर्ज है और खोकन तालुकदार ने लगभग 2 हेक्टेयर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा धान फसल लगाया गया है। वन अमले और राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जमीन को कब्जा मुक्त करने की आवश्यक कार्रवाई की गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी कापसी देवदत्त ताराम ने बताया कि शासकीय भूमि से कब्जा हटाने के बाद अतिक्रमणकारी खोकन तालुकदार के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसा जाएगा। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि अतिक्रमणकारी द्वारा जंगल को पहुंचाए गए नुकसान की राशि की वसूली भी की जाएगी। ग्रामीण जयंत मंडावी, गंगा राम, दयाराम, अनिल, उमेश उसेंडी, तिलक साहू, रामू राम, मानसिंह, विकेल पद्मा, सुखलाल, मेघनाथ उसेंडी, सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने मांग किया है कि जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाकर पुनः पौधारोपण किया जाए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411